हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, रविवार, 26 अक्तूबर 2025




# वर्टिकल गार्डन स्थलों का अतिरिक्त आयुक्त ने किया निरीक्षण

**नागपुर.**

मनपा की अतिरिक्त आयुक्त वैष्णवी बी. ने शहर में वर्टिकल गार्डन तैयार करने के लिए चिन्हित 17 स्थानों का निरीक्षण दौरा किया। इस अवसर पर उपायुक्त गणेश राठौड़, उद्यान अधीक्षक अमोल चोरपगार और कनिष्ठ अभियंता संजय गुजर उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त ने नरेंद्रनगर, घाट रोड, अजनी चौक और यशवंत स्टेडियम क्षेत्र में प्रस्तावित स्थलों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विधानमंडल के शीतसत्र से पहले सभी कार्य पूरे किये जाएं। इस दौरान वर्टिकल गार्डन की तैयारी और कार्य हेतु एजेंसी नियुक्ति पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त



गणेश राठौड़, वृक्षसंवर्धक अमोल चौरपगार, कार्यकारी अभियंता प्रशांत सोनकुसरे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**शहर में 17 स्थानों पर वर्टिकल गार्डन कार्य प्रारंभ :** शहर के प्रमुख नालों में गंदगी डालने से रोकने के लिए हाल ही में सुरक्षा जालियां लगाई गई हैं। अब इन्हीं जालियों पर वर्टिकल गार्डन तैयार किये जा रहे हैं, जिससे न केवल सौंदर्यवृद्धि होगी बल्कि हरियाली भी बढ़ेगी। पहले चरण में 17 प्रमुख स्थानों पर वर्टिकल गार्डन के लिए मनपा निधि से 4.50 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। इन स्थानों में – सोमलवार खामला स्कूल के समीप, अजनी चौक, सहकारनगर नाला, यशवंत स्टेडियम नाला, नरेंद्रनगर ब्रिज, चिंचभुवन नाला, रेशीमबाग चौक, समर्थनगर नाला, नाग नदी ब्रिज (शुक्रवारी), गंगाधर अपार्टमेंट स्वावलंबीनगर, नागोबा मंदिर ब्रिज, सरदार पटेल रोड (घाट रोड), मानेवाड़ा रिंग रोड ब्रिज, जगनाडे चौक, ओंकार लॉन (दिघोरी फ्लायओवर), रामबाग नाला, बैद्यनाथ चौक और हिवरी नगर नाला शामिल हैं।

### दूसरे चरण में 15 नए स्थानों पर वर्टिकल गार्डन

नागरिकों द्वारा नालों में कचरा डालने से जल प्रवाह बाधित हो रहा था। इस समस्या को दूर करने के साथ हरियाली को बढ़ावा देने के लिए दूसरे चरण में 15 स्थानों पर वर्टिकल गार्डन विकसित करने की योजना तैयार की गई है। इस कार्य का ठेका 3.50 करोड़ रुपये में डेसन कंपनी को दिया गया है। कंपनी को 10 माह के भीतर कार्य पूरा करने का आदेश दिया गया है। चयनित स्थानों में — खामला, चिंचभुवन, नरेंद्रनगर, अजनी, शंकरनगर, यशवंत स्टेडियम, पटेल चौक, जूनी शुक्रवारी, मेहंदी लॉन, बैद्यनाथ चौक, जगनाडे चौक, ओंकार लॉन दिघोरी, पलोटी जाफरनगर, और अशोक चौक (कामठी रोड) का समावेश है। यह पहल न केवल शहर की हरियाली और सुंदरता बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि स्वच्छ नागपुर अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती देगी।

# नंदनवन में 12 वर्षीय मासूम से बलात्कार

## > आरोपी गिरफ्तार, एक अन्य की तलाश

**नागपुर.**

नंदनवन थाना परिसर में एक 12 वर्षीय मासूम लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार और उसका अपहरण करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके एक साथी की तलाश जारी है। खास बात आरोपियों ने एक लॉज के कमरे में इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया और उसका एक वीडियो बनाकर उसे इंटरनेट पर अपलोड करने की नाबालिग को धमकी दी थी। जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर को पीड़िता सब्जी लेने के लिए घर से बाजार गई हुई थी। तभी आरोपी करण रामटेके और उसके मित्र रोहित ने उसे रास्ते में घेर लिया। दोनों ने मिलकर उसके मुंह दबाया और उसे जबरन बीडगांव इलाके में एक लॉज में ले गए। लॉज के कमरे में आरोपी करण ने मासूम के साथ इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान



आरोपी रोहित ने भी उसकी मदद की। इतना ही नहीं आरोपी करण ने पीड़िता का अश्लील वीडियो अपने मोबाइल फोन से बनाया और उसे दिखाकर धमकी दी कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो वह उस वीडियो को इंटरनेट पर वायरल कर देगा।

इसके बाद दोनों आरोपी उसे छोड़कर भाग गए। पीड़िता के घर वालों ने इसकी शिकायत नंदनवन पुलिस से की। पुलिस ने आरोपी करण रामटेके को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पॉक्सो एक्ट की धाराओं के साथ-साथ अपहरण, बलात्कार और धमकी देने संबंधी धाराएं भी लगाई गई हैं। दूसरे आरोपी रोहित की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि आरोपी करण अपराधिक प्रवृत्ति का है और उसके खिलाफ इससे पहले मारपीट, दंगा और चोरी जैसे मामले दर्ज है। वह पीड़िता के पड़ोस में रहता है इसके चलते वह उसे पहचानती थी। अब पुलिस इस मामले में उसके दूसरे साथी की भी तलाश कर रही है।

# सहकर्मी के साथ अत्याचार का मामला

## पत्थर से वार कर महिला को किया जख्मी

**नागपुर.**

एमआईडीसी पुलिस थाने की इसासनी परिसर के एक आवासीय भवन में पूर्व सहकर्मी के साथ अत्याचार का मामला सामने आया है। घटना में आरोपी ने फरियादी महिला के सिर पर पत्थर से वार कर उसे जख्मी कर दिया। जानकारी के अनुसार, फिर्यादी 33 वर्ष महिला और आरोपी राहुल डोंगरे (37वर्ष) एक साथ काम करते थे और करीब चार सालों से लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे थे। बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम आरोपी ने शराब पीकर घर आने के बाद जमकर तोड़फोड़ की और फरियादी को शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। इस पर फरियादी ने उसे घर से बाहर निकाल दिया और दरवाजा बंद कर लिया।

कुछ देर बाद आरोपी ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और महिला के पिता के साथ मारपीट की। जब महिला बीच-बचाव के लिए आगे आई तो आरोपी ने बाहर पड़ा एक पत्थर उठाकर उसके सिर पर जोर से वार कर दिया, जिससे उसे चोटें आईं। घटना के बाद फरियादी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से मिली मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# एयर इंडिया फ्लाइट की नागपुर में आपात लैंडिंग

## पक्षी टकराने से तकनीकी खराबी

**नागपुर.**

24 अक्टूबर को नागपुर से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में टेकऑफ के तुरंत बाद एक पक्षी से टकराने के कारण तकनीकी खराबी आ गई। चालक दल की तुरंत निर्णय क्षमता के चलते विमान को वापस नागपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया गया। जांच में पुष्टि हुई कि विमान में खराबी पक्षी टकराने के कारण हुई थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत फ्लाइट को जांच के बाद कैंसिल कर दिया गया। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि तत्काल लैंडिंग नहीं कराई जाती तो विमान दिल्ली पहुंचते समय हादसे का शिकार हो सकता था।

**एयर इंडिया के प्रवक्ता का बयान :** एयर इंडिया के प्रवक्ता की तरफ से कहा गया, " फ्लाइट नंबर AI466, उड़ान भरने के तुरंत बाद एक पक्षी से टकरा गई। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, एहतियात के तौर पर, चालक दल ने विमान के निरीक्षण के लिए नागपुर लौटने का फैसला किया। विमान नागपुर में सुरक्षित रूप से उतरा और रखरखाव जांच से गुजरा, जिसमें सुधार के लिए अतिरिक्त समय लगा। इस वजह से फ्लाइट कैंसिल कर दी गई।



नागपुर में हमारी ग्राउंड टीम ने यात्रियों को भोजन परोसने सहित तत्काल सहायता प्रदान की।"

एक महीने के अंदर दूसरी घटना

विमान में लगभग 150 यात्री सवार थे और उन्हें किराया वापस कर दिया गया है। एयरपोर्ट पर चौबीसों घंटे पक्षियों की निगरानी करने के लिए स्टाफ तैनात रहते हैं। हालांकि, रात में पक्षी दिखाई नहीं देते हैं। ऐसे में प्लेन से उल्लू या चमगादड़ के टकराने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। एक सूत्र ने बताया कि दिवाली के समय, पटाखों की आवाज के कारण पक्षी आमतौर पर हवाई अड्डे से उड़ जाते हैं। हाल के दिनों में नागपुर में पक्षी टकराने की यह दूसरी घटना है। पिछले महीने एयर इंडिया के एक विमान से पक्षी टकरा गया था, जिससे उसका नोज कोन क्षतिग्रस्त हो गया था। इस घटना के बाद रनवे पर एक बाज का शव मिला था।

# बंद घर से चोरों ने उड़ाया 2.60 लाख रुपये का माल

**नागपुर.** दारोडकर चौक के पास स्थित एक में चोरी की एक वारदात सामने आई है। यामिनी योगेश शाह ( 54 वर्ष), प्लॉट नं. 101, विधी इन्वेलेव्ह, दारोडकर चौक के पास, लकड़गंज निवासी के घर में अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर लगभग 2,60,000 का माल उड़ा लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फिर्यादी अपने परिवार के साथ नाती के जन्मदिन समारोह के लिए वर्धा गई हुई थीं। इसी दौरान, उसके पडोसी भावेश पारेख ने फोन कर सूचना दी कि उनके घर का दरवाजा खुला है। सूचना मिलते ही पारेख मौके पर पहुंचे तो देखा कि मुख्य दरवाजे का कुलूप टूटा हुआ था और घर के अंदर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। जब शाह वापस लौटीं और घर की जांच की, तो पाया कि लोहे की आलमारी से सोने-चांदी के गहने और नकद रकम गायब है।

# शराब पीने के लिए पैसे न मिलने पर चाकू से हमला

## > गंभीर रूप से घायल

**नागपुर.**

गिट्टी खदान पुलिस थाने के हजारी पहाड इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति पर पैसे न मिलने पर एक परिवार के सदस्य को चाकू से गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगा है। घटना 23 अक्टूबर की रात की है, जब आरोपी ने फिर्यादी के चाचा को पहले गाली-गलौज की और फिर चाकू से हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी पंकज पारवे ( 40 वर्ष) ने सुबह लगभग 9:00 बजे फिर्यादी मंगल संतोषराव उईके (38 वर्ष) के चाचा, शेषराव परतेकी, से शराब के लिए पैसे मांगे। जब शेषराव ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो पारवे ने उन्हें गालियां दीं। इसी विवाद के चलते, शनिवार रात करीब 9:30 बजे, आरोपी ने फिर से शेषराव के साथ झगड़ा किया और उन पर चाकू से हमला करने लगा।



इस दौरान उनके हाथ में चाकू था। जब फिर्यादी मंगल उईके अपने चाचा को बचाने पहुंचे, तो आरोपी ने चाकू से मंगल के दाहिने हाथ पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी ने उन्हें गाली-गलौज भी की और मारने की धमकी दी। घायल मंगल उईके को तुरंत मेयो अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने अस्पताल से प्राप्त चोट रिपोर्ट के आधार पर आरोपी पंकज पारवे के खिलाफ हत्या का प्रयास, गंभीर चोट पहुंचाने और धमकी देने का मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

# नंदनवन में बुजुर्ग के घर सेंधमारी , 7.16 लाख के गहने-नकदी चोरी

**नागपुर.**

नंदनवन इलाके में दिवाली के दौरान 85 वर्षीय गोपाल मदनलाल सोनी के घर में चोरी की घटना सामने आई। अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर प्रवेश किया और बेडरूम की अलमारी से सोने-चांदी के गहने तथा नकदी चोरी कर ली। चोरी गई संपत्ति में सोने की चेन, कान के टॉप्स, कड़े, मंगलसूत्र, डायमंड नेकलेस, चांदी के सिक्के और बर्तन सहित नकदी शामिल है, जिसकी कुल कीमत लगभग 7.16 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल का मुआयना कर सुराग जुटा रही है।

# नागपुर रोजगार मेले में महिला अधिकारियों की मंच पर झड़प, वीडियो वायरल

**नागपुर.**

नागपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में आयोजित रोजगार मेले के दौरान दो वरिष्ठ महिला अधिकारियों के बीच बहस का मामला सामने आया। यह विवाद मंच पर हुआ और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामला नागपुर डाक मंडल से जुड़ा है। नागपुर डिवीजन की पोस्ट मास्टर जनरल शोभा मधाले का 8 सितंबर को कर्नाटक के धारवाड़ में तबादला किया गया था। उनकी जगह नई नियुक्ति होने तक नवी मुंबई की पोस्ट मास्टर जनरल सुचीता जोशी को नागपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। हालांकि, मधाले ने अपने तबादले के आदेश को अदालत में चुनौती दी और उन्हें स्थगन आदेश (स्टे) मिला। इसी कारण दोनों अधिकारियों के बीच



पिछले कुछ समय से मतभेद चल रहे थे। बताया जा रहा है कि इन मतभेदों का असर शुक्रवार को आयोजित रोजगार मेले के मंच पर दिखाई दिया।

**नितिन गडकरी थे मुख्य अतिथि**

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे. मंच पर सुचीता जोशी को आमंत्रित किया गया था, क्योंकि वे वर्तमान में नागपुर का कार्यभार संभाल रही थीं. इसी दौरान शोभा मधाले भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं और जोशी के साथ मंच पर ही सोफे पर बैठ गईं.

**कोहनी से धक्का मारती दिखी अधिकारी :** वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों के बीच पहले मामूली बहस होती है, जिसके बाद स्थिति बिगड़ जाती है. शोभा मधाले, सुचीता जोशी को कोहनी से धक्का देती, चिकोटी काटती नजर आती हैं. इतना ही नहीं, उन्होंने उनके हाथ को पकड़कर झटका भी दिया. यह पूरा घटनाक्रम मंच के सामने मौजूद लोगों और मीडिया कैमरों में कैद हो गया. कार्यक्रम में मौजूद कई लोगों ने बताया कि दोनों के बीच पहले से तनाव था, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि मामला मंत्री की मौजूदगी में इस तरह खुलकर सामने आ जाएगा. घटना के तुरंत बाद दोनों अधिकारियों को मंच से हटा दिया गया और कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया. अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, और लोग सरकारी अधिकारियों के इस व्यवहार पर सवाल उठा रहे हैं. विभागीय सूत्रों के अनुसार, डाक विभाग इस पूरे मामले की आंतरिक जांच करने पर विचार कर रहा है. वहीं, केंद्रीय संचार मंत्रालय ने भी इस विवाद की रिपोर्ट तलब की है.

# हंसापुरी में दिवाली के दिन दो पक्षों में विवाद

## > मारपीट में कई लोग घायल

**नागपुर.**

दिवाली की रात को छोटी खदान क्षेत्र के हंसापुरी इलाके में दो परिवारों के बीच पुराने झगड़े को लेकर जोरदार विवाद हुआ, जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज किये हैं। पहली शिकायत सीमा ललित श्रीवास (35 वर्ष) ने दर्ज कराई है। सीमा श्रीवास ने बताया कि दिवाली की रात उन्होंने अपने घर के सामने टू-व्हीलर खड़ी की थी। इसी बात को लेकर पड़ोसी विशाल यादव, जसवंत यादव और रेनुका यादव ने पुराने विवाद के चलते झगड़ा शुरू कर दिया। आरोप है कि रेनुका यादव ने सीमा को पकड़कर बाल खींचे और हाथ-पाई की, जबकि जसवंत यादव ने सीमा की सास मीना श्रीवास को गालियां दीं। झगड़े के दौरान सीमा के पति के मित्र अक्षय गुप्ता को भी ईट फेंककर मार दी गई, जिससे उनके कंधे पर चोट आई। घायलों का इलाज मेयो अस्पताल में किया गया। इसी घटना से जुड़ी दूसरी शिकायत विशाल यादव (40 वर्ष) ने दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उसी रात जब सीमा श्रीवास ने उनकी घर के सामने गाड़ी पार्क की, तो उन्होंने गाड़ी हटाने को कहा। इस पर सीमा और उनके पति ललित श्रीवास ने गालियां दीं और ललित ने कमर का बेल्ट निकालकर वार किया। बेल्ट की बक्कल लगने से विशाल यादव की आंख के नीचे चोट आई। विवाद बढ़ने पर विशाल के पिता बल्लूलाल यादव झगड़ा छुड़ाने आए, लेकिन उन पर भी ईट फेंकी गई, जिससे वे घायल हो गए। दोनों ही मामलों में तहसील पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, दोनों परिवारों के बीच पहले भी झगड़ा हो चुका है और आपसी रंजिश के कारण यह विवाद फिर से भड़क उठा। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।




# उपराजधानी में बेमौसम बारिश की दस्तक

## सुबह से शुरू हुई जोरदार बारिश, मौसम विभाग ने 28 अक्टूबर तक जारी किया येलो अलर्ट

**नागपुर.**

नागपुर में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है, जिससे शहर का दृश्य और माहौल पूरी तरह बदल गया है। शनिवार की सुबह से बादलों ने शहर को ढक रखा था और प्रातः 9 बजे के आसपास वर्षा शुरू हो गई। इस वर्षा से नागरिकों को राहत मिली है, लेकिन बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंताओं को फिर से बढ़ा दिया है। मौसम विभाग के क्षेत्रीय केंद्र ने नागपुर जिले के लिए 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान, शहर और आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर तेज



हवाएं चलने और बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। शनिवार को सुबह से ही नागपुर के आसमान को बादलों ने ढका हुआ था। वहीं नौ बजे करीब बारिश शुरू हो गई। धीमे-धीमे बारिश जारी रही। इसके पहले शुक्रवार शाम को भी उपराजधानी में हल्की बूंदा-बंदी हुई।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नमी वाली हवाओं के साथ-साथ क्षेत्र में बने एक निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण यह मौसमी बदलाव आया है। देर से हो रही यह बारिश, मानसून की वापसी के बाद की गतिविधि मानी जा रही है। शुक्रवार शाम की बूंदाबांदी और शनिवार को शुरू हुई बारिश से नागपुर के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले कुछ दिनों से बढ़ रहे तापमान के मुकाबले, मौसम सुहावना हो गया है और हवा में ठंडक घुल गई है, जिससे नागरिकों को गर्मी और प्रदूषण से राहत मिली है। हालांकि, बारिश से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है। अतिवृष्टि से किसान पहले ही नुकसान झेल रहे हैं। वहीं इस अप्रत्याशित बारिश ने किसानों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं।



# बसपा का किला ढहा!

## सिल्लेवाड़ा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा

**खापरखेड़ा.**

सावनेर विधानसभा क्षेत्र के सिल्लेवाड़ा इलाके में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का गढ़ आखिरकार ढह गया। लंबे समय से बसपा से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर स्थानीय राजनीति में बड़ा उलटफेर कर दिया है। इस प्रवेश समारोह से भाजपा की संगठनात्मक ताकत और आत्मविश्वास दोनों में जबरदस्त वृद्धि हुई है।भव्य प्रवेश समारोह सावनेर स्थित पॉम कोर्ट कार्यालय में अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मंच पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे. जिनमें राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, विधायक डॉ. आशीष देशमुख, पूर्व विधायक सुधाकर कोहळे, राज्य परिषद सदस्य डॉ. राजीव पोटदार, जिलाध्यक्ष मनोहर कुंभारे, तथा दादाराव मंगले, रामराव मोवाडे, सुरेंद्र शेंडे, आयशी धपके, राजू घुगल, बंटी महाजन, मंदार मंगले, पियुष बुरडे, पिंटू सातपुते जैसे अनेक



भाजपा नेता मंचासीन थे।

इस विशाल कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा ओबीसी आघाड़ी के जिला महामंत्री विलास महल्ले ने किया। उनके अथक प्रयासों से बसपा नेत्या व सिल्लेवाड़ा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच प्रमिला बागडे, बसपा सावनेर विधानसभा के पूर्व प्रमुख अरुण बागडे, भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष आस्तिक बागडे, तथा भजनलाल कश्यप, विजय यादव, राजू यादव, सुनील वाघमारे, मनोज पाल, अकलेश ठाकुर, उर्मिला उके, अर्चना सोनटक्के, मीराबाई मगरडे, उर्मिला बारस्कार,



अनिता नेवारे, माधुरी यादव, सोनाली जोशी और अर्चना वाघाडे समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा का झंडा थाम लिया।इन नेताओं के भाजपा में शामिल होने से सिल्लेवाड़ा और सावनेर क्षेत्र में बसपा की संगठनात्मक पकड़ कमजोर पड़ गई है, वहीं भाजपा का जनाधार और प्रभाव तेजी से बढ़ा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह प्रवेश आगामी स्थानीय स्वराज्य चुनावों में भाजपा के लिए निर्णायक साबित हो सकता है।स्थानीय स्तर पर इस प्रवेश को "सिल्लेवाड़ा का राजनीतिक टर्निंग पॉइंट" कहा जा रहा है।

> "भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि विचार और अनुशासन का परिवार है। जो भी व्यक्ति समाजहित और विकास की भावना लेकर आता है, उसका भाजपा परिवार में खुले दिल से स्वागत किया जाता है।"
>
> -राजस्व मंत्री -चंद्रशेखर बावनकुले
>
> "यह केवल पार्टी प्रवेश नहीं, बल्कि विचारों का संगम है। समाज के उपेक्षित वर्ग अब राष्ट्रनिर्माण की मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं। भाजपा में हर व्यक्ति को सम्मान, अवसर और प्रगति का मार्ग मिलता है। सिल्लेवाड़ा से उठी यह नई राजनीतिक लहर आने वाले समय में इतिहास रचने वाली है।"
>
> - भाजपा नेता- विलास महल्ले


भाजपा कार्यालय में नए कार्यकर्ताओं के आने से वातावरण में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। राजनीतिक प्रभाव: इस सामूहिक प्रवेश ने सावनेर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में नई दिशा दी है। जहां बसपा की परंपरागत पकड़ अब ढीली पड़ी है, वहीं भाजपा का संगठनात्मक नेटवर्क और जनसमर्थन दिन-ब-दिन मजबूत हो रहा है। स्थानीय नेताओं का मानना है कि यह प्रवेश भाजपा के लिए "स्थानीय चुनावों का गेम चेंजर" साबित हो सकता है।

## ऋतुजा सलामे का सत्कार

**उमरेड.**

स्थानीय रणधीरसिंह भदोरिया महाविद्यालय में बीसीसीए तृतीय वर्ष की छात्रा ऋतुजा रंजन सलामे ने ग्रीष्मकालीन परीक्षा में नागपुर विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में छठवां स्थान प्राप्त किया है. अत्यंत गरीब परिवार की ऋतुजा की मां खेतों में मेहनत मजदूरी कर अपना परिवार चलाती है. झोपड़ी में रहने वाली इस प्रतिभावान छात्रा ने विपरित परिस्थितियों में संयम बरकरार रख यह सफलता पाई है. गौरतलब है कि महाविद्यालय ने अब तक छह मेरिट विद्यार्थी दिए हैं. इस सफलता पर संस्था सचिव विजयलक्ष्मी भदोरिया, पदाधिकारी जितेंद्रसिंह बैस, नेहा भदोरिया साहू, प्राचार्य डॉ. जयश्री तिवारी, सुरेखा जुनघरे, प्रमोद मेश्राम, राहुल भुसारी, खुशबू घिए, नीतेश गेडाम, कमल भिसीकर, राजेश खोपे, नरेश कोरे आदि ने ऋतुजा के घर पहुंचकर अभिनदन किया और मिठाई खिलाई.

## गायमुख शिवमंदिर भिलगांव में छठ महापर्व की धूम



**कामठी.**

लोक आस्था का महापर्व 'छठ पूजा' इस वर्ष भी भीलगांव स्थित श्रीक्षेत्र गायमुख शिवमंदिर देवस्थान परिसर, सप्तगिरी में अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। छठ पूजा समिति, सप्तगिरी, भिलगांव, ने सभी भक्तजनों को महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं और कार्यक्रम में शामिल होने का विनम्र अनुरोध किया है। समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार, छठ पूजा कार्यक्रम की तिथियां और समय इस प्रकार हैं: सोमवार 27 अक्टूबर को संध्याकालीन अर्घ्य 4 बजे से मंगलवार 28 अक्टूबर प्रातःकालीन अर्घ्य 8 बजे तक है। श्रीक्षेत्र गायमुख शिवमंदिर देवस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व जि.प. सदस्य नागपुर. मोहन माकडे और सचिव श्री राम भरोस महतो ने संयुक्त रूप से सभी भक्तजनों से अनुरोध किया है कि वे इस पावन छठ पूजा महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर सूर्य देव और छठी मैया का आशीर्वाद प्राप्त करें एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस पावन अवसर पर सीता देवी, शोभा सुनील श्रीवास्तव, नीता प्रसाद, सुशीला सुनील दत्ता, बसंत प्रसाद, लक्ष्मी सत्येंद्र सिंह, लालसा रविकांत प्रसाद, रुपा कुमारी दत्त और मीरा देवी, लालसा देवी सहित समिति के कई सदस्य कार्यक्रम की सफलता हेतु सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।

# नहाय-खाय के साथ प्रारंभ होगी छठ पूजा



**उमरेड.** शनिवार 25 अक्तूबर को नहाय खाय के साथ छठ पूजा का प्रारंभ होगा. वेकोलि उमरेड परिसर में बिहार क्षेत्र के लोग बडी संख्या में निवास करते हैं तथा वेकोलि स्थित आम नदी के किनारे छठ पूजा घाट में पहुंचकर परिसर के लोग इस त्यौहार को पूरी श्रद्धा के साथ मनाते हैं. श्री छठ पूजा समिति द्वारा छठ पूजा घाट में सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तैयारी शुरु हो चुकी है. कार्तिक माह की शुक्लपक्ष की चतुर्थी तिथि पर नहाय खाय के साथ इस पर्व का प्रारंभ होता है. इस दिन अनुयायी स्नान करने के बाद कुलदेवी और सूर्य देव की पूजा करने का विधान है. इस दिन चावल का दान और लौकी की सब्जी का सेवन किया जाता है. नहाय खाय के अगले दिन 26 अक्तूबर को पंचमी तिथि पर खरना पर्व होगा. इस दिन छठी मैया की विशेष पूजा अर्चना का विधान है. चावल की खीर का प्रसाद बनाया जाता है. खरना पूजा के बाद छठ व्रत शुरु होता है. 27 अक्तूबर को अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा. मंगलवार 28 अक्तूबर को श्रद्धालु उगते हुए सूरज को अर्घ्य देंगे. वेकोलि उमरेड परिसर में आम नदी स्थित छठ पूजा घाट में तैयारियां जारी है. समिति के मनोज सिंह, अवधेश कुमार, गजेंद्र सिंह, विकास यादव, सोमेश सिन्हा, परिश सिंह, तन्मय चटर्जी, पंकज गायधने, सौरभ पटेल, डीबी सिंह, राजकरण सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह व अन्य सदस्य प्रयासरत हैं.

# मुस्लिम समाज अब भी प्रतिनिधित्व से वंचित

## > 158 वर्षों में केवल एक बार मिली सीधी भागीदारी

**सावनेर.**

नगर परिषद सावनेर की स्थापना वर्ष 1867 में अंग्रेज़ शासनकाल के दौरान हुई थी। तब से अब तक 158 वर्षों के लंबे सफर में शहर के अलग-अलग समाजों को प्रतिनिधित्व तो मिला, लेकिन मुस्लिम समाज की स्थिति आज भी उपेक्षित ही बनी हुई है। शहर में निर्णायक मतसंख्या रखने के बावजूद मुस्लिम समाज को अपनी राजनीतिक भागीदारी के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है।

इतिहास पर नजर डालें, तो 158 वर्षों में मुस्लिम समाज से केवल तीन नगरसेवक ही नागर परिषद तक पहुंच पाए हैं। इनमें से स्वर्गीय इलाहीबक्ष शेख ही एकमात्र ऐसे जनप्रतिनिधि थे, जिन्हें जनता ने सीधे अपने मतों से चुनकर परिषद में भेजा था। वर्ष 2012 में नगर विकास आघाड़ी ने शफीक सैय्यद को अपना प्रत्याशी बनाया था। इस चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के मजबूत उम्मीदवार के खिलाफ 874 वोटों के साथ प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज की थी। हालाँकि, कांग्रेस और स्थानीय




राजनीतिक नेतृत्व पर अब तक यह आरोप लगता रहा है कि मुस्लिम मतों का उपयोग तो किया गया, लेकिन उन्हें वास्तविक प्रतिनिधित्व देने के प्रयास नहीं दिखाई दिए। पूर्व विधायक सुनील केदार ने अवश्य दिलावर शेख और शफीक सैय्यद को मनोनीत नगरसेवक बनाकर 'पीछे के दरवाजे' से ही सही, न्याय करने का प्रयास किया, मगर मुस्लिम समाज का स्पष्ट प्रतिनिधित्व फिर भी अधूरा ही रहा।

**आगामी चुनाव और बढ़ती उम्मीदें**

नगर परिषद चुनावों की गतिविधियाँ कुछ ही दिनों में तेज होने वाली हैं। ऐसे में शहर के लगभग ढाई हजार निर्णायक मुस्लिम मतदाता यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि भाजपा, कांग्रेस, राष्ट्रवादी, शिवसेना, आम आदमी पार्टी और स्थानीय आघाड़ियां उन्हें कितनी तवज्जो देती हैं और क्या टिकट वितरण में उचित स्थान मिलता है या नहीं।

**उपेक्षा से नाराज़गी, अब लड़ने का जज़्बा :** स्थानीय राजनीति में लगातार हो रही अनदेखी से मुस्लिम समाज में नाराज़गी बढ़ रही है। युवा मतदाता अब स्पष्ट रूप से अपनी आवाज़ सुनाने के लिए तैयार नज़र आते हैं। समाज के समुदायगत नेताओं का कहना है कि "अगर इस बार भी मुस्लिम समाज को टिकट देने में किसी भी दल ने टालमटोल की, तो मुस्लिम समाज अपने बलबूते प्रत्याशी उतारने से पीछे नहीं हटेगा, चाहे वह निर्दलीय ही क्यों न हो।" इस बार मुस्लिम समाज 'उपेक्षा की जंजीरें तोड़कर' नगर भवन में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने के लिए पूरा संकल्प लेता दिखाई दे रहा है। परिणाम कुछ भी हों लेकिन बदलाव की चाह अब पहले से कहीं अधिक प्रबल है।




## बबनराव तायवाड़े ने डॉक्टर की आत्महत्या मामले पर व्यक्त किया दुख

### एसआईटी से की जांच कराने की मांग

**नागपुर.**



राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ के अध्यक्ष बबनराव तायवाड़े ने सतारा के फलटण में डॉक्टर आत्महत्या मामले पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को समाज के लिए शर्मनाक बताते हुए कहा कि, सरकारी नौकरी के दौरान मानसिक उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा, जिस कारण उन्होंने यह कदम उठाया। तायवाड़े ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से तुरंत एक एसआईटी गठित कर मामले की विस्तृत जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बबनराव तायवाड़े ने कहा कि आज़ादी के 75 साल बाद, हमने ओबीसी बच्चों और लड़कियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग और कॉर्पोरेट सेक्टर में बड़े पदों पर देखा है। हमें इस पर खुशी और गर्व है। लेकिन जब यह हो रहा है, तो यह चौंकाने वाला है कि एक युवा डॉक्टर इतनी कम उम्र में अपनी जान लेने का फैसला करती है और आत्महत्या कर लेती है। उसे आत्महत्या के लिए किसने उकसाया, किसने उसे परेशान किया? तायवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस मामले की जांच करनी चाहिए। इसके लिए एक एसआईटी बनानी चाहिए और जो भी इसके लिए दोषी है उसे सख्त सज़ा मिलनी चाहिए ताकि वह उसे दोबारा परेशान करने की हिम्मत न करे। बबनराव तायवाड़े ने कहा कि गांव की एक लड़की डॉक्टर थी और जब उसने अपनी ज़िंदगी शुरू की, तो उसे ऐसी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और अगर हमारे ओबीसी युवा इसकी वजह से अपनी जान दे रहे हैं, तो यह बहुत दर्दनाक है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायतराज अभियान के अंतर्गत नि:शुल्क नेत्रदान शिविर संपन्न

**नागपुर.**

मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायतराज अभियान के तहत शारदा उत्सव मंडल फेटरी और ग्राम पंचायत फेटरी के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्रदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ग्राम पंचायत सरपंच रविंद्र भाऊ खांबलकर एवं शारदा उत्सव मंडल फेटरी के अध्यक्ष अमित अखंड की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपसरपंच मुकेश भाऊ ढोमणे, तंटामुक्ति अध्यक्ष राहुल भाऊ शास्त्री, ग्राम पंचायत सदस्यगण, शारदा उत्सव मंडल समिति के सदस्य, पंचायत कर्मचारी तथा गांव के युवाओं की विशेष उपस्थिति रही। शिविर के दौरान डॉ. मानकर की टीम ने ग्रामीणों की नेत्र जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया। सामाजिक दायित्व और धार्मिक भावनाओं को जोड़ने वाले इस सराहनीय उपक्रम के लिए शारदा उत्सव मंडल फेटरी के अध्यक्ष अमित अखंड एवं उनकी टीम की चारों ओर प्रशंसा हो रही है।

# बार के बाहर युवक पर चाकू से हमला, किया घायल

## अपराधी सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**नागपुर.**

हुडकेश्वर पुलिस थाना अंतर्गत एक गंभीर घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति सौरभ विलासराव को चाकू मार कर घायल कर दिया गया। घटना 22 अक्टूबर की रात लगभग 00.55 बजे हुई। बताया जा रहा है कि सौरभ अपने मित्र दिक्षांत चुटे के साथ प्रशांत बार में शराब पीने के लिए गए थे। इसी दौरान राजा खान और उसके तीन साथी बार के पास पहुंचे और वाद-विवाद शुरू हो गया। आरोपियों ने पहले चाबी से हमला किया और फिर चाकू निकालकर सौरभ और उसके मित्र पर हमला कर दिया। इस हमले में सौरभ की पीठ और आंख के नीचे चोटें आईं। हमले के दौरान बार में मौजूद अन्य लोगों के आने पर आरोपी और उसके साथी घटनास्थल से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल सौरभ को लोगों ने ट्रॉमा सेंटर, मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी और उसके साथियों की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि राजा खान के खिलाफ इससे पहले हत्या, हत्या के प्रयास जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

# बरिएमं में इंजीनियर राहुल बागडे विदर्भ प्रदेश कार्याध्यक्ष नियुक्त

**कामठी.**



बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच (बरिएमं) की संयोजिका एड. सुलेखाताई कुंभारे (पूर्व राज्यमंत्री) ने हाल ही में इंजीनियर राहुल आनंदराव बागडे को विदर्भ प्रदेश कार्याध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। राहुल बागडे महानिर्मिती (महाराष्ट्र राज्य विद्युत मंडल) से कार्यकारी अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। वह विभिन्न सामाजिक और श्रमिक संगठनों में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। उनकी पिछली जिम्मेदारियों में विदर्भ लोक विकास मंच के संयोजक, भारतीय बौद्ध महासभा के विदर्भ प्रदेश सचिव, वनसंपदा नामक सामाजिक संस्था के अध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य प्रवीण प्रशिक्षक संगठन के सलाहकार और विभिन्न कर्मचारी सहकारी क्रेडिट सोसाइटी के पदाधिकारी शामिल हैं। एड. सुलेखाताई कुंभारे ने विश्वास व्यक्त किया कि राहुल बागडे की नियुक्ति से बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच को एक अनुभवी व्यक्तिमत्व का लाभ मिलेगा, जिससे संगठन और अधिक मजबूत होगा। उनकी इस नियुक्ति पर बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच के पदाधिकारियों में नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम, भीमराव फुसे, वंदना भगत, अफजल अंसारी, नियाज कुरेशी, अशपाक कुरेशी, तिलक गजभिये, उदास बन्सोड, विनय बांबोर्डे, दीपंकर गणवीर, अनुभव पाटील, दीपक सीरिया और अन्य ने हार्दिक बधाई दी है।

## रैली के दौरान डिप्टी सिग्नल में युवक पर हमला

**नागपुर.**



कलमना पुलिस थाने के डिप्टी सिग्नल परिसर में एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी विक्रम खरे (28) और उनका भाई अरविंद खरे गौरा-गौरी रैली देखने डिप्टी सिग्नल पहुंचे थे। रैली देखने के बाद जब वे घर लौट रहे थे, तो भीड़ देख कर वे थोड़ा ठहर गए। इसी दौरान आरोपी ने अरविंद खरे से बिना कारण झगड़ा किया और गाली-गलौच शुरू कर दी। झगड़े के दौरान आरोपी में से एक ने धारदार हथियार से अरविंद के सिर और कान के पास वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अरविंद का इलाज हॉस्पिटल में ले जाया गया। घायल की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# माजरी पुलिस की साहसिक कार्रवाई

## > 46 हज़ार रुपये की अवैध देशी शराब ज़ब्त



**चंद्रपुर. मनोज गोरे**

पुलिस ने आज माजरी थाना क्षेत्र में अवैध देशी शराब का परिवहन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 46 हज़ार रुपये का माल ज़ब्त किया।

गोपनीय सूचना के आधार पर मटन मार्केट, माजरी में छापेमारी की गई तो आरोपी वैभव कुशाभ साव (निवासी माजरी) अवैध रूप से देशी शराब का परिवहन करते हुए पाया गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके पास से 400 बोतल देशी शराब (क़ीमत 16,000 रुपये) और एक मोटरसाइकिल (क़ीमत 30,000 रुपये) ज़ब्त की, जिसकी कुल क़ीमत 46,000 रुपये है।

पूछताछ के दौरान, आरोपी ने बताया कि यह माल विलास भोंगले (निवासी वरोरा) का है। चूंकि यह पाया गया कि आरोपी भोंगले एंड संस शराब कारखाने में देशी शराब ले जा रहा था, विलास भोंगले के खिलाफ धारा 65 (ए), 83 महाराष्ट्र मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई माननीय पुलिस अधीक्षक मुमक्का सुदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीपीओ द्वारा एस.पी. पांडे, एस.पी. धागाडे, ग्रेट पी.ओ. उपनी मनोहर दादमल, पी.ओ. अनीस शेख, प्रमोद मिमिले, रवि कन्नके के मार्गदर्शन में की गई और फौजदार रमेश तुरणकर द्वारा जांच की जा रही है।

## पटाखे फोड़ने से मना करने पर महिला पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

शीतला माता मंदिर के पास शामबाग झोपड़पट्टी इलाके में मंगलवार देर रात एक महिला पर लाठी से हमला करने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि महिला ने आरोपी को पटाखे फोड़ने से मना किया था, जिस पर आरोपी ने गुस्से में आकर उस पर वार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, फिर्यादी गम्मुबाई ऊर्फ राधा सुनील आदिवासी (40 वर्ष), निवासी शामबाग झोपड़पट्टी, अपने घर में सो रही थी। उसी दौरान आरोपी रहमान ऊर्फ नूर आलम शेख (30 वर्ष) और उसका साथी घर के सामने पटाखे फोड़ रहे थे। जब महिला ने उन्हें पटाखे फोड़ने से मना किया, तो आरोपी ने कहा – "बाहर जाकर देख, कितने लोग पटाखे फोड़ रहे हैं।" इस पर महिला ने जवाब दिया कि उसे सोने दिया जाए। इसी बात पर आरोपी को गुस्सा आ गया और उसने गाली गलौज करते हुए वहीं पड़ी हुई लकड़ी की लाठी उठाई और महिला के दाहिने कंधे पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए मेट्रोसिटी हॉस्पिटल, सक्करदरा में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। सक्करदरा पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। आरोपी का कोई पूर्व आपराधिक इतिहास नहीं है और वह फर्नीचर बेचने का काम करता है।

# मुनगंटीवार ने बस्ती के बच्चों के साथ मनाई दिवाली

**चंद्रपूर, मनोज गोरे**

### दुर्गापुर के वार्ड क्रमांक 3 में बिताए सुखद पल
### दिवाली का असली आनंद मासूम हंसी में छिपा है: मुनगंटीवार
### मिठाई, पाठ्य सामग्री और घरेलू सामान वितरित किया

राज्य के पूर्व वन, सांस्कृतिक एवं मत्स्य पालन मंत्री, विधायक श्री सुधीर मुनगंटीवार, जो आम जनता को अपना परिवार मानते हैं, ने एक और कार्य करके समाज के सामने एक बेहतरीन मिसाल कायम की है।

अपने परिवार के साथ मनाई जाने वाली दिवाली ए. श्री मुनगंटीवार ने बस्ती के बच्चों के साथ मनाई। इन बच्चों के साथ दीपोत्सव मनाते हुए ए. श्री मुनगंटीवार ने बस्ती के नागरिकों को अंधकार से प्रकाश की ओर उनके सफ़र की शुभकामनाएँ भी दीं।

मुनगंटीवार के आगमन से खुशी का माहौल बन गया। बच्चों और युवाओं सहित वहाँ के नागरिकों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर रुद्र नारायण तिवारी, श्रीनिवास जंगमवार, नरेंद्र सिंह दारी, केमा रायपुरे, हनुमान काकड़े, अनीता भोयर, राकेश गौरकर, विलास टेंभुर्णे, देवानंद थोरात, अर्चनाताई रायपुरे, सुनील भारेकर, रंजना किन्नाके, भोजराज शिंदे, अरविंद बोरकर, सुरेखा थोरात, रवि रामटेके आदि उपस्थित थे।



इस सरल लेकिन हृदयस्पर्शी आयोजन में बच्चों के मासूम चेहरों पर मुस्कान, उनकी आँखों में खुशी और उमड़ते उत्साह ने वातावरण को भर दिया। इस अवसर पर श्री मुनगंटीवार द्वारा मिठाइयाँ, पाठ्य सामग्री और घरेलू सामान भी वितरित किए गए। इस अवसर पर श्री मुनगंटीवार ने कहा कि 'दिवाली का असली आनंद मासूम मुस्कानों में निहित है।'

उन्होंने कहा, "2047 में भारत अपनी आज़ादी के 100 वर्ष पूरे करेगा। उस समय देश का भविष्य इन बच्चों के हाथों में होगा। अगर हम आज इनकी शिक्षा का ध्यान रखें, इनमें अच्छे संस्कार डालें और आत्मविश्वास जगाएँ, तो कल ये बच्चे भारत को प्रगति की नई ऊँचाइयों पर ले जाएँगे।"

उन्होंने बच्चों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, "हर बच्चे में एक उज्ज्वल किरण छिपी होती है; उसे प्रकाशित करना समाज की ज़िम्मेदारी है।" इस भावुक और आनंदमय कार्यक्रम में स्थानीय नागरिक, अभिभावक और स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने बच्चों के साथ खुशियों, मिठाइयों और आत्मीयता का दिवाली उत्सव मनाया।

# मरगल झाड़कर रबी सीजन की तैयारी में किसान

## > कृषि विभाग जागरूकता फैलाए

मोझरी.



इस साल खरीफ सीजन में सोयाबीन समेत सभी फसलें बर्बाद हो गई हैं। पीला मोजेक और चारकोल रॉट रोग के कारण सोयाबीन की पैदावार में भारी गिरावट आई है। फ़िलहाल, ऐसा लग रहा है कि किसान खाली पड़ी ज़मीन को चने की फसल के लिए तैयार करने में व्यस्त हैं। किसानों को उम्मीद है कि चने से होने वाली अच्छी-खासी कमाई से कम से कम पूरे साल परिवार का गुज़ारा तो हो ही जाएगा। इस साल सोयाबीन की बुआई कपास से ज़्यादा थी। हालाँकि, ज़्यादा बारिश के कारण सोयाबीन, अरहर, कपास आदि खरीफ फसलों को भारी नुकसान हुआ। न सिर्फ़ लागत का, बल्कि कई लोगों को बीज का मूल्य भी नहीं मिला। दिवाली के बाद, हताश किसान सोयाबीन की कटाई के बाद रबी सीजन के लिए अपने खेतों को तैयार करने में जुट गए हैं। जब तक मिट्टी में नमी है, चने की बुआई करना सबसे अच्छा है। इसलिए, यह देखा जा रहा है कि किसान चना या गेहूँ का उत्पादन पाने की कोशिश कर रहे हैं। चना अक्टूबर के आखिरी या नवंबर के पहले हफ्ते में बोया जाता है। इसके लिए किसान हज़ारों रुपये खर्च करके ट्रैक्टर, जुताई, वखरण और कल्टीवेटर की मदद से खेतों की जुताई में व्यस्त हैं। देखा जा रहा है कि किसान चने की उन्नत किस्मों की फसल खरीदने, उस पर बीज प्रसंस्करण करने और उसकी बुवाई करने के लिए दौड़ पड़े हैं। हालाँकि, पर्यावरण में अचानक बदलाव के कारण यह तुरंत कहना संभव नहीं है कि चने की फसल फायदेमंद होगी या नुकसानदायक!

हालाँकि, अच्छी फसल लेने की कोशिश करना किसानों के हाथ में है। अधिक उत्पादन पाने के लिए किसान तरह-तरह के प्रयोग और तरकीबें आजमा रहे हैं। चने की बड़ी फसल लेने के लिए, किसान उस पर बीज प्रसंस्करण करने और उसकी बुवाई करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। खरीफ की फसल का पैसा दिवाली में खर्च हो गया। किसान इस बात को लेकर चिंतित हैं कि रबी सीजन के लिए पैसे का इंतजाम कैसे करें। इस उम्मीद के साथ कि चने के मुनाफे से पूरे साल के परिवार का खर्च चल सके, किसान रबी सीजन के काम में व्यस्त हो गए हैं।

### कृषि विभाग से मार्गदर्शन की आवश्यकता

रबी मौसम में चने की फसल कैसे बोएँ? इस संबंध में किसानों को कृषि विभाग के अधिकारियों से उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है। चने की फसल की बुवाई-पूर्व खेती चल रही है। चने की फलीदार फसल आमतौर पर वसंत ऋतु में, जब वह फूल पर होती है, तना सड़न, जड़ सड़न और झुलसा रोग से प्रभावित होती है। इस जोखिम से बचने के लिए, कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत किस्मों के चयन और बीजों के प्रसंस्करण के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना आवश्यक है।

## जिले में बेमौसम बारिश से किसान चिंतित

**बुलढाणा.** बुलढाणा में बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, अगले तीन दिनों तक यह अनियंत्रित बारिश जारी रहने की संभावना है। इस दौरान फसल कटाई प्रभावित होने से किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। खरीफ सीजन की शुरुआत में ही बारिश ने जोरदार दस्तक दे दी है। विदर्भ, मराठवाड़ा समेत महाराष्ट्र के कुछ जिलों में भारी बारिश से किसानों को नुकसान हुआ है। कल, यानी शुक्रवार को बुलढाणा जिले में भी बेमौसम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक बेमौसम बारिश की संभावना है। इस दौरान बारिश ने विदर्भ और मराठवाड़ा में किसान के हाथ लगी घास भी खराब कर दी है।

## पूर्व गवर्नर आरएस गवई का भव्य मेमोरियल उद्घाटन के लिए तैयार

30 अक्तूबर को मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम करेंगे लोकार्पण

अमरावती.

